# "Ready To Make Unpopular Decisions For Nation's Sake": Lankan President

**The Lankan President underlined the need to fully implement the 13th Amendment to the Constitution to grant political autonomy to the minority Tamils in the country.**

COLOMBO: (AGENCY)



Sri Lankan President Ranil Wickremesinghe said on Wednesday that he will go ahead with the devolution of powers within a united Sri Lanka and continue with his unpopular decisions to ensure that the bankrupt country recovered from the economic crisis. In a major policy address, Mr Wickremesinghe also told Parliament that talks with the IMF to unlock a $2.9 billion bailout package are in the final stages.

"We expect to devolve power within a Unitary State. However, I wish to reiterate a fact that has been emphasised on many occasions. There will be no division of the country," Mr Wickremesinghe told lawmakers.

His remarks came days after the powerful Buddhist clergy expressed strong opposition to the move, claiming it challenges the unitary nature of the country. President Wickremesinghe has underlined the need to fully implement the 13th Amendment to the Constitution to grant political autonomy to the minority Tamils in the country. India has been pressing Sri Lanka to implement the 13A which was brought in after the Indo-Sri Lankan agreement of 1987.

Sinhalese, mostly Buddhist, make up nearly 75 per cent of Sri Lanka's 22 million population while Tamils are 15 per cent.

Talking about the economic crisis, Wickremesinghe said that Sri Lanka expects to recover from bankruptcy by 2026. "Let's not be prisoners of the past, but think about the future. Let's unite consensually and move forward democratically to support the recovery of the nation from the current crisis," he said. He said unpopular decisions taken by him will have positive results in the years to come.

"Remember, I'm not here to be popular. I want to rebuild this nation from the crisis situation it has fallen. Yes, I'm ready to make unpopular decisions for the sake of the nation. People will realise the importance of those decisions in two to three years," he said. The Sri Lankan government has introduced painful economic measures such as tax hikes and utility rate hikes. Trade unions and opposition groups have organised protests against such measures.

Mr Wickremesinghe said that talks with the IMF are in the final stages and talks with China and other creditors to restructure Sri Lanka's debt are also ongoing.

# "We Also Made Mistakes": Zoom To Cut 1,300 Jobs, CEO Will Take 98% Pay Cut


WASHINGTON: (AGENCY)

The company behind the Zoom video conferencing platform -- which became a household name during the pandemic -- announced Tuesday it is laying off about 15 percent of its staff. Zoom Video Communications chief executive Eric Yuan is also taking a 98 percent cut in salary this year and forgoing his executive bonus, he said in a blog post about the job cuts. He added that members of his executive leadership team are taking a 20 percent salary reduction and also forfeiting bonuses this year.

While people and businesses continue to rely on Zoom "as the world transitions to life post-pandemic," the Silicon Valley-based firm is seeing customers cut back on spending, Yuan said in the post. Zoom has made the "tough but necessary" decision to lay off about 1,300 people, or roughly 15 percent of its staff, according to Yuan.

"Our trajectory was forever changed during the pandemic when the world faced one of its toughest challenges, and I am proud of the way we mobilized as a company to keep people connected," Yuan said.

"We are seeing that people and businesses continue to rely on Zoom," Yuan said. "But the uncertainty of the global economy, and its



effect on our customers, means we need to take a hard look inward to reset ourselves so we can weather the economic environment, deliver for our customers and achieve Zoom's long-term vision."

Zoom tripled its ranks of employees during the pandemic, as people used the platform for remote work, court hearings, social events and more while Covid-19 risks barred them from getting together in person, according to Yuan.

"We worked tirelessly, but we also made mistakes. We didn't take as much time as we should have to thoroughly analyze our teams or assess if we were growing sustainably, toward the highest priorities," he said.

Zoom will continue to invest in strategic areas, the chief executive noted. Zoom joined a growing list of US tech firms slashing jobs as years of high spending has given way to parsimony due to harsh economic conditions around the world.

# 5 Pics Of Massive Turkey-Syria Quake That Killed Over 11,200

TURKEY: (AGENCY)

Heartrending scenes of a newborn plucked alive from the rubble and a broken father clutching his dead daughter's hand have laid bare the human cost of the earthquake in Syria and Turkey that by Wednesday had claimed over 11,200 lives. For two days and nights since the 7.8 magnitude quake an impromptu army of rescuers have worked in freezing temperatures to find those still entombed among ruins in several cities either side of the border. Officials and medics said 8,574 people had died in Turkey and 2,662 in Syria from Monday's 7.8-magnitude tremor, bringing the total to 11,236.

The World Health Organization chief Tedros Adhanom Ghebreyesus warned that time is running out for the thousands injured and those still feared trapped. For Mesut Hancer, a resident of the Turkish city Kahramanmaras, near the epicentre, it is already too late.

He sat on the freezing rubble, too grief-stricken to speak, refusing to let go of his 15-year-old daughter Irmak's hand as her body lay lifeless among the slabs of concrete and strands of



twisted rebar. Many have taken refuge from relentless aftershocks, cold rain and snow in mosques, schools and even bus shelters -- burning debris to try to stay warm.

Frustration is growing that help has been slow to arrive. "I can't get my brother back from the ruins. I can't get my nephew back. Look around here. There is no state official here, for God's sake," said Ali Sagiroglu in Kahramanmaras.

"For two days we haven't seen the state around here... Children are freezing from the cold," he said. In nearby Gaziantep, shops were closed, there was no heat because gas lines have been cut to avoid explosions, and finding petrol was tough.

The cold temperatures have worsened conditions for survivors seeking shelter. Sixty-one-year-old resident Celal Deniz said the police had to intervene when impatient crowds waiting for rescue teams "revolted".


About 100 others wrapped in blankets slept in the lounge of an airport terminal normally used to welcome Turkish politicians and celebrities. "We saw the buildings collapse so we know we are lucky to be alive," said Zahide Sutcu, who went to the airport with her two small children.

"But now our lives have so much uncertainty. How will I look after these children?" Across the border in northern Syria, a decade of civil war and Syrian-Russian aerial bombardment had already destroyed hospitals, collapsed the economy and prompted electricity, fuel and water shortages. In the rebel-controlled town of Jindayris, even the joy of rescuing a newborn baby was tainted with sadness.

# "US Will Stand With Ukraine As Long As It Takes": Joe Biden

WASHINGTON : (AGENCY)

US President Joe Biden on Tuesday (local time) said that America will stand with Ukraine 'as long as it takes' . Delivering his first major speech to a divided Congress after Republicans took control of the House of Representatives, he said, "We're gonna stand with you -- as long as it takes," addressing the Ukrainian



ambassador to the US, who was in attendance. "Our nation is working for more freedom, more dignity, more peace -- not just in Europe, but everywhere," he said in his second State of the Union address at the US Capitol. The US has pledged more than USD 29 billion dollars since the war began between Russia and Ukraine on February 24th, 2022, according to the Pentagon. Joe Biden announced the latest package worth more than USD 2.17 billion on Friday that includes longer-range missiles for the first time. Last month, the US committed to providing Ukraine with 31 advanced M-1 Abrams tanks, a decision made in concert with European countries providing German-made Leopard 2 tanks. It was a reversal of a red line previously held by the US and other Western countries, like Germany. The tanks are powerful new tools, allowing Ukraine to go on the offensive and retake territory seized by Russia, reported CNN. At the time of the announcement, Joe Biden insisted the tanks should not be viewed by Moscow as an "offensive threat." However, last week, Russian President Vladimir Putin said that the West was threatening Moscow "again" with German-made

## *Briefs* News

### Australia To Remove Chinese Cameras From War Memorial Over 'Spying': Report

SYDNEY: (AGENCY)

Australia's national war memorial will remove several Chinese-made security cameras installed on the premises because officials are concerned they could be used for spying, local media reported on Wednesday. Eleven surveillance cameras manufactured by Hikvision, partly owned by Chinese state investors, will be removed from the Australian War Memorial in Canberra by mid-2023, according to the Canberra Times. A further 189 cameras at the site are supplied by different manufacturers. The Australian War Memorial said in a statement on Wednesday it did not comment on security matters. Hikvision did not immediately respond to a



request for comment. Fear that Chinese-made electronic equipment could be used for spying led the British government to ban security cameras made by companies subject to Chinese security laws from sensitive buildings. Opposition senator James Paterson said on Wednesday he is conducting a full audit of all government departments and agencies for possible exposure to Chinese-made surveillance devices. Paterson first raised the issue of Chinese-made surveillance equipment during public hearings last year.

### "Miraculous": 2 Pilots Escape Plane Crash While Firefighting In Australia

SYDNEY: (AGENCY)

Two pilots have made a "miraculous" escape after their Boeing 737 water-bombing plane crashed and burned while fighting a fire in remote Western Australia. The plane left a long scar in the scrub and tree-covered landscape when it came down while battling a bushfire in the Fitzgerald National Park about 420 km (260 miles) southeast of Perth. Aerial images taken shortly after the accident, which happened on Monday, showed thick black smoke spewing from the aircraft on the ground, with the rear of the fuselage consumed by the inferno.

The impact had left a long sand-coloured trail through the greenery behind the plane. Emergency services images captured a short time later showed that the tail section had separated from the rest of the aircraft, which lay in cinders. The two pilots were released from hospital a day after the accident. They have not been identified although officials said they were believed to be North American. "It is nothing short of miraculous that they were able to walk from that plane," the state's emergency services minister, Stephen Dawson, told a news conference on Tuesday.

"We are very grateful that they are healthy and, well, it is a truly remarkable outcome. And it is probably testament to their skill as pilots." The large air tanker, a converted passenger plane, hit the ground only about 20 seconds after completing a water drop in the area, officials said. An investigation has been launched by the Australian Transport Safety Bureau, which said it was the first "collision with terrain" involving a Boeing 737 in Australia. "It is a remarkable outcome that both of the crew have managed to get themselves out of the aircraft and are safe and well," said the bureau's chief commissioner Angus Mitchell. The safety regulator would be interviewing the pilots and witnesses, as well as looking at maintenance records, weather conditions, and the task underway at the time, Mitchell told a news conference a day after the crash. "A large aircraft going down is generally quite catastrophic," he said. But in this incident, the plane appeared to have clipped a ridge and "pancaked" to the ground, he added. "Certainly a horizontal landing as opposed to vertical into the ground makes a big difference."

Investigators hoped to get access to the crash site from Wednesday if it was considered safe, and to recuperate the flight data recorder and cockpit voice recorder, Mitchell said.

# Spies, Hackers, Informants: How China Snoops On US

BEIJING: (AGENCY)

An alleged Chinese surveillance balloon over the United States last week sparked a diplomatic furore and renewed fears over how Beijing gathers intelligence on its largest strategic rival. FBI Director Christopher Wray said in 2020 that Chinese spying poses "the greatest long-term threat to our nation's information and intellectual property, and to our economic vitality". China's foreign ministry said in a statement to AFP that it "resolutely opposed" spying operations and that American accusations are "based on false information and sinister political aims".

The United States also has its own ways of spying on China, deploying surveillance and interception techniques as well as networks of informants. Former US president Barack Obama said in 2015 that his Chinese counterpart Xi Jinping had promised not to conduct commercial cyber spying. Subsequent statements by Washington have indicated the practice has continued. Here are some of the ways Beijing has worked to spy on the United States in recent years: The United States warned in a major annual intelligence assessment in 2022 that the Asian giant represents "the broadest, most active, and persistent cyber espionage threat" to the government and private sector.

According to researchers and Western intelligence officials, China has become adept at hacking rival nations' computer



systems to make off with industrial and trade secrets.

In 2021, the United States, NATO and other allies said China had employed "contract hackers" to exploit a breach in Microsoft email systems, giving state security agents access to emails, corporate data and other sensitive information. Chinese cyber spies have also hacked the US energy department, utility companies, telecommunications firms and universities, according to US government statements and media reports. Fears of the threat from Beijing have seeped into the technology sector, with concerns that state-linked firms would be obliged to share intel with the Chinese government.

In 2019, the US Department of Justice charged tech giant Huawei with conspiring to steal US trade secrets.

**NORTHERN RAILWAY**

**TENDER NOTICE**

| | | |
|---|---|---|
| Name of work | : | Schedule Maintenance, Trip Schedule (D1), Monthly Schedule (D2), Half yearly (D3) & IOH (SS-1) including their minor and heavy Repair Contract of SGAC Coaches (LHB & Non LHB AC coaches) of Primary based Mail/Express Trains of DLI Division for three years. |
| Tender No. | : | 30-Elect-4T-Chg-2022-23 |
| Approx cost of the work in (Rs.) | : | Rs. 14,19,13,976.48 |
| Cost of tender form | : | Rs. 0.00 |
| Address of the Office | : | Sr. Divl. Elect. Engineer/Chg/Northern Railway, New Delhi. |
| Earnest Money | : | Rs. 8,59,600.00 |
| Period of completion of work | : | 36 Months |
| Last date & time of submission of tender | : | 02.03.2023 up to 15.00 hrs. |
| And opening of tender | : | 02.03.2023 at 15.01 hrs. |
| Website & notice board | : | www.ireps.gov.in & Sr. DEE/Chg/DLI |

411/2023

SERVING CUSTOMERS WITH A SMILE

**T T LIMITED**

(CIN NO.-L18101DL1978PLC009241)

Regd. Office: 879, Master Prithvi Nath Marg, Karol Bagh, New Delhi - 110005

Website: www.ttlimited.co.in; Email: newdelhi@ttlimited.co.in ; TEL: +91-11-45060708

HiFlyers Garments

**EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS**

**FOR THE QUARTER AND NINE MONTH ENDED 31ST DECEMBER, 2022**

(Rs. in Lakhs)

| S. NO. | PARTICULARS | QUARTER ENDED | | | NINE MONTH ENDED | | YEAR ENDED |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2022 UNAUDITED | 30.09.2022 UNAUDITED | 31.12.2021 UNAUDITED | 31.12.2022 UNAUDITED | 31.12.2021 UNAUDITED | 31.03.2022 AUDITED |
| 1 | Total Income from Operations (Net) | 4,815.27 | 4,056.33 | 11,943.96 | 14,473.40 | 32,068.76 | 39,554.16 |
| 2 | Profit / (Loss) before Exceptional and tax | 143.56 | -532.77 | 406.33 | -335.30 | 1,342.81 | 1,494.15 |
| 3 | Exceptional items | - | - | - | - | - | - |
| 4 | *Net Profit / (Loss) for the period before Tax | 143.56 | -532.77 | 406.33 | -335.30 | 1,342.81 | 1,494.15 |
| 5 | Net Profit / (Loss) for the period after Tax | 82.55 | -1,098.41 | 406.33 | -951.72 | 1,342.81 | 1,453.03 |
| 6 | Total Comprehensive Income for the period [(Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 44.82 | -1,116.66 | 413.23 | -1,004.34 | 1,349.96 | 1,375.67 |
| 7 | Equity Share Capital | 2,149.81 | 2,149.81 | 2,149.81 | 2,149.81 | 2,149.81 | 2149.81 |
| 8 | Other equity (Reserves) | - | - | - | - | - | 5824.66 |
| 9 | Earnings Per Equity Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations)- Basic (Rs.) Diluted (Rs.) | 0.38 0.38 | -5.11 -5.11 | 1.89 1.89 | -4.43 -4.43 | 6.25 6.25 | 6.76 6.76 |

Notes:

1 The above is an extract of the detailed format of standalone Unaudited Financial Results for the quarter and nine months ended Dec 31, 2022 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the aforesaid quaterly and Nine months Financial Results are available on the website of BSE **(www.bseindia.com)**, NSE **(www.nseindia.com)** and on the Company's website: **www.ttlimited.co.in**

2 These Unaudited Financial results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meetings held on Feb 08, 2023.

PLACE: NEW DELHI
DATE: FEBURARY 08, 2023

FOR T T LIMITED
Sd/-
RIKHAB C. JAIN
CHAIRMAN

## एक नज़र

### नैनीताल में ढहाई गई तीन मंजिला इमारत, नोटिस मिलने के बावजूद चल रहा था निर्माण काम

**नैनीताल (एजेंसी)** शहर के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे अवैध निर्माण पर जिला विकास प्राधिकरण सख्त हो गया है। बीते दिनों तीन निर्माण कार्यों में मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई के बाद अब प्राधिकरण ध्वस्तीकरण पर उतर आई है। भारी पुलिस और पीआरडी बल के साथ टीम ने काशीपुर हाउस क्षेत्र में अवैध तीन मंजिला भवन ध्वस्त किया। अवैध निर्माण पर 15 दिन पूर्व निर्माणकारी को विभाग की ओर से नोटिस भेजा गया था। बता दें कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में धड़ल्ले से अवैध निर्माण चल रहा है।

बीते दिनों प्राधिकरण ने तीन भवन स्वामियों के विरुद्ध कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई की थी। साथ ही काशीपुर हाउस क्षेत्र में अवैध निर्माण करने पर सैयद सिद्दीकी, अशोक सिंह, केसी बाबा और दीपक सनवाल को बीते दिनों नोटिस दिया गया था। जिसमें 15 दिन के भीतर स्वयं ही अतिक्रमण ध्वस्त करने के निर्देश दिए गए थे। मगर नोटिस मिलने के बावजूद भवन स्वामी निर्माण कार्य कराते रहे।

इधर बुधवार को प्राधिकरण सचिव पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में टीम काशीपुर हाउस क्षेत्र पहुंची। जहां टीम को निर्माण होता हुआ मिला। भारी पुलिस और पीआरडी कर्मियों के साथ टीम ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी। इस बीच निर्माणकारियो ने भारी विरोध जताया, मगर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई नहीं थमी। पंकज उपाध्याय ने बताया कि शहर के अन्य क्षेत्रों में किए जा रहे अवैध निर्माण को भी चिन्हित किया जा रहा है। अवैध अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पति-पत्नी के झगड़े में भाभी की हत्या, शराबी देवर ने महिला को लाठी से पीटकर ली जान

**वैशाली (एजेंसी)** बिदुपुर थाना क्षेत्र के रहिमापुर पंचायत के वार्ड संख्या आठ में बीते मंगलवार की रात्रि पति-पत्नी के बीच हुई झड़प में देवर ने लाठी से पीटकर भाभी को मार डाला। बिदुपुर थाना की पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित देवर को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, करीब 44 वर्षीय सुधा देवी का पति वीरेंद्र दास से किसी बात को लेकर आपस में झगड़ा हो रहा था।

बताया गया है कि उसी समय उसका शराबी देवर धर्मेंद्र दास आया और भाभी को लाठी से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल महिला को स्वजन व स्थानीय लोग आनन-फानन में इलाज के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए पीएमसीएच रेफर कर दिया। पीएमसीएच जाने के दौरान ही महिला की मौत हो गई। महिला की मौत के बाद गांव में शव पहुंचते ही मृतका के घर में कोहराम मच गया। घटना की सूचना बिदुपुर थाने की पुलिस को दी गई। घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपित देवर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजीपुर भेज दिया। घटना के बाद मृतका के बेटा-बेटी व परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की पहल पर मामला शांत हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कृषि बाजार शुल्क के खिलाफ व्यापारी 15 फरवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**रांची (एजेंसी)** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के बैनर तले बुधवार को मोरहाबादी में हुए राज्यस्तरीय बैठक में शामिल होने वाले सभी थोक व्यापारियों ने बुधवार को अपना कृषि व्यवसाय पूरी तरह बंद रखा। अनुमान लगाया जा रहा है कि राज्य भर में एक दिन की बंदी से करीब 100 करोड़ के कारोबार का नुकसान हुआ है।

व्यापारियों ने एकजुट होकर कहा कि कृषि उत्पाद की खरीद-बिक्री पर सरकार की ओर से दो प्रतिशत कृषि बाजार शुल्क लगाया गया है, जो पूरी तरह से तानाशाही और अफसरशाही का रूप है। इस शुल्क के खिलाफ व्यापारियों ने पहले तो बैठक आयोजित कर राज्य सरकार से कृषि विधेयक वापस लेने को कहा है। इसके बाद सभी व्यापारियों ने बैठक स्थल संगम गार्डेन से गांधी वाटिका तक काला झंडा व बिल्ला लगाकर मार्च किया और वहीं कृषि मंत्री बादल पत्रलेख का पुतला दहन किया।

इस बीच बुधवार को झारखंड के थोक खाद्यान्न व्यापारियों ने व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद कर विरोध प्रदर्शन किया। जिसके बाद पंडरा, अपर बाजार पर सन्नाटा छाया रहा, किसी तरह का व्यापार नहीं हुआ। इस बीच सुबह से ही खुदरा दुकानदारों के आने का सिलसिला जारी रहा, लेकिन उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ा। इस दौरान एक दिन खाद्यान्न व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद रहने के कारण आम जनता को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### मतांतरण के खिलाफ राज्यव्यापी प्रदर्शन, सर्व हिंदू समाज ने सभी जिला मुख्यालयों पर दिया धरना

**रायपुर (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ में बुधवार को मतांतरण के खिलाफ राज्यभर में प्रदर्शन किया गया। सर्व हिंदू समाज ने सभी जिला मुख्यालयों पर धरना देकर मतांतरण के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। उत्तर में सरगुजा से लेकर दक्षिण में बस्तर तक मतांतरण विरोधी नारे लगे। प्रदर्शनकारियों ने मतांतरण को ईसाई मिशनरियों की साजिश बताया।

इस दौरान कहा कि इससे आदिवासी संस्कृति व परंपरा पर संकट मंडरा रहा है। मिशनरियां प्रलोभन देकर मतांतरण करा रही हैं। आदिवासी क्षेत्रों में लगातार हो रहे मतांतरण से गांवों में दो समुदायों के बीच संघर्ष की स्थिति बन रही है। धरना-प्रदर्शन के पश्चात तहसीलदारों को राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर मतांतरण के विरुद्ध कड़ा कानून बनाने की मांग की गई है।

अंबिकापुर, सरगुजा व सूरजपुर जिलों में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने धरना दिया। इसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे। दुर्ग में साहू, ओडिया, ब्राह्मण, नाई, सतनामी, लोधी, मेहर, वैष्णव, ताम्रकार तथा जैन समाज के प्रतिनिधि धरने में शामिल रहे। सर्व हिंदू समाज की ओर से कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मतांतरण से कोई अछूता नहीं है, चाहे वह भिलाई जैसा बड़ा शहर हो या बस्तर का कोई सुदूर गांव।

### बिजनौर के रहने वाले एक परिवार के पांच लोगों की कश्मीर में मौत, जांच शुरू

**श्रीनगर (एजेंसी)** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में बुधवार को एक ही परिवार के पांच सदस्य अपने किराए के मकान में मृत पाए गए है। इस घटना के बाद ही इलाके में सन्नाटा पसर गया है। बता दें कि, ये परिवार उत्तर प्रदेश के बिजनौर का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि, तीन बच्चों समेत एक ही परिवार के पांच सदस्य, जो कि उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं, जम्मू में मृत पाए गए हैं। बुधवार को पुलिस ने बताया कि ये परिवार उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। कुपवाड़ा जिले के त्रालपोरा के एक किराए के मकान में माजिद अंसारी अपने परिवार के साथ रहते थे। पड़ोसियों ने वहां के स्थानीय डॉक्टरों की तुरंत मदद ली और उन्हें मौके पर बुलाया। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान सभी पांचों को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि चिकित्सकीय जांच में संभावना जताई गई है कि इन पांचों सदस्यों की मौत दम घुटने की वजह से हुई है। इस परिवार की मौत ठंड से बचाव के लिए जलाई गई अंगीठी से निकले धुएं से दम घुटने के कारण हुई है।

जबकि पुलिस ने पूछताछ की कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस ये पचा लगाने का प्रयास कर रही है कि पांच सदस्यों के इस परिवार की मौत के पीछे का कारण क्या है। कुपवाड़ा जिले के त्रालपोरा में मृत पाए गए एक ही परिवार के पांच सदस्यों की पहचान भी हो गई है। अन्य मृतकों की पहचान माजिद अंसारी (35), उनकी पत्नी सोहाना खातून (30) और उनके तीन बच्चों फैजान (4), अबू जर (3) और एक नवजात शिशु के रूप में हुई है।

# मां समान सास के साथ दामाद ने की दरिंदगी

## घर में घुसकर किया दुष्कर्म; कोर्ट ने सुनाई 10 साल की सजा

**पिथौरागढ़ (एजेंसी)**

मां के समान मानी जाने वाली सास के साथ दुष्कर्म करने वाले दामाद को न्यायालय ने 10 साल के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। साथ ही 50 हजार रुपये का अर्थ दंड भी सुनाया गया है। मानवता को कलंकित करने वाली यह घटना लगभग दो वर्ष पूर्व की है। अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार 21-22 मार्च 2021 को 61 वर्षीय महिला अपने कमरे में थी। इसी दौरान रात्रि 11-12 बजे के आसपास उसका दामाद भरत राम शराब पीकर वहां घुस गया। उसने सास के कपड़े फाड़ और मारपीट कर शरीर में दांत से काट दुष्कर्म किया।



महिला की बेटी की शादी 11 वर्ष पूर्व हो चुकी थी। उसकी बेटी और दामाद अलग-अलग रहते थे। बच्चे बेटी के साथ रहते हैं। इस अमानवीय कृत्य से आहत सास सुबह चार बजे के आसपास कमरे से भागकर बेटी के पास गई और उसे जानकारी दी। जब दोनों कमरे में जाने लगे तो रास्ते में दामाद ने फिर गालीगलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। मां-बेटी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। मेडिकल व मजिस्ट्रेट के सम्मुख बयान भी दर्ज किए गए।

दामाद पांच माह से यह सब कर रहा था परंतु लोकलाज के डर से वह यह बात किसी को नहीं बता पा रही थी। जब हद पार हो गई तो उसने यह बात अपनी बेटी को बताई। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश की न्यायालय में हुई। बचाव पक्ष ने अभियुक्त को घर का कमाने वाला एकमात्र व्यक्ति बता और दो साल से जेल में निरुद्ध होने से कम से कम सजा देने की याचना की।

**मानवता को कलंकित करने वाली यह घटना लगभग दो वर्ष पूर्व की है। अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार 21-22 मार्च 2021 को 61 वर्षीय महिला अपने कमरे में थी। इसी दौरान रात्रि 11-12 बजे के आसपास उसका दामाद भरत राम शराब पीकर वहां घुस गया और दुष्कर्म किया।**

अभियोजन की तरफ से शासकीय अधिवक्ता प्रमोद पंत, सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रेम भंडारी और डीआर आर्या ने गवाह और तथ्य पेश किए। अपर सत्र न्यायाधीश पंकज तोमर ने दामाद के कृत्य को सामाजिक दृष्टि से जघन्य अपराध बताया। साथ ही दोष सिद्ध करते हुए सजा सुनाई। अपर सत्र न्यायाधीश पंकज तोमर ने दोषी को धारा 376 के तहत 10 वर्ष के कठोर कारावास और पचास हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।


अर्थदंड की धनराशि में से भादवि धारा 357 के अंतर्गत 45 हजार रुपये पीड़िता को प्रतिकर के रुप में देने के आदेश दिए। अर्थदंड नहीं दिए जाने पर छह माह की अतिरिक्त साधारण सजा भुगतनी होगी। जबकि भादवि धारा 323 के तहत तीन माह का कठोर कारावास और एक हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। अर्थदंड जमा नहीं करने पर एक माह का अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। दोनों सजाएं एक साथ चलेंगी।

अपर सत्र न्यायाधीश ने पीड़िता को धारा 357 ए के तहत उत्तराखंड में अपराध से पीड़ित सहायता योजना 2013/उत्तराखंड यौन अपराध एवं अन्य अपराधों से पीड़ित, उत्तरजीवी महिलाओं हेतु प्रतिकर योजना 2020 के तहत प्रतिकर दिए जाने के संबंध में निर्णय की प्रति सचिव जिला विधिक प्राधिकरण सेवा को भेजने के आदेश दिए हैं। दोषी को सजा भुगतने को जिला कारागार अल्मोड़ा भेजने के आदेश दिए गए हैं।

## मध्य प्रदेश स्वास्थ्य विभाग तैयार कर रहा एप, मानसिक बीमारियों का लगाएगा पता

**भोपाल (एजेंसी)**

मानसिक बीमारियों से पीड़ित होने के बाद भी बहुत से लोगों को इसकी जानकारी नहीं होती, क्योंकि इनके बारे में जागरूकता का काफी अभाव है। मानसिक बीमारियों की घर बैठे पहचान के लिए मध्य प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग मेंटल हेल्थ असेसमेंट एप बना रहा है।



इसके माध्यम से व्यक्ति खुद यह जांच कर सकेगा कि वह मानसिक समस्याओं से पीड़ित तो नहीं है। इसके लिए एप में कुछ प्रश्नों के उत्तर लिखने होंगे। इन उत्तरों के आधार पर एप एक स्कोर (कुल अंक) तैयार करेगा। निर्धारित मापदंड से अधिक अंक होने पर उस व्यक्ति को मानसिक समस्या से पीड़ित माना जाएगा।

इसके बाद उसे यह विकल्प भी दिया जाएगा कि वह मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन पर काउंसलर से संपर्क कर सके। मानसिक रोगियों के उपचार के लिए प्रदेश के जिला अस्पतालों में बनाए गए मन कक्षों की जानकारी भी रहेगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के उप संचालक डा. शरद तिवारी ने बताया कि एप तैयार करने का काम चल रहा है।

उन्होंने कहा कि अप्रैल तक यह सुविधा शुरू हो सकती है। संकोच के चलते कई लोग मानसिक बीमारियों के उपचार के लिए डाक्टर के पास नहीं जाते, वे एप से मूल्यांकन कर सकेंगे। इससे आत्महत्या के मामले, अवसाद, चिंता की बीमारी, नशाखोरी, अनिद्रा की बीमारी कम की जा सकेगी।

## नीतीश की नहीं, शरद यादव की है जदयू, क्या सीधे सीएम को चुनौती दे वापस न लौटने के रास्ते पर बढ़े उपेंद्र कुशवाहा!

**उपेंद्र कुशवाहा अब इस मान्यता को चुनौती दे रहे हैं कि नीतीश ही जदयू हैं। उन्होंने कहा कि जदयू नीतीश की नहीं शरद यादव की पार्टी थी। हालांकि वह भूल रहे हैं कि नीतीश की आलोचना कर पार्टी में कोई नहीं रह गया है। इसका ताजा उदाहरण आरसीपी सिंह हैं।**



**पटना (एजेंसी)** जदयू संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष रहे उपेंद्र कुशवाहा धीरे-धीरे उस रास्ते पर बढ़ रहे हैं, जिसमें वापसी की संभावना नहीं रहती है। अब तक वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्राधिकार को चुनौती नहीं दे रहे थे। उनसे और राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ऊर्फ ललन सिंह से सहज भाव से सवाल पूछ रहे थे कि सरकार बनाने के लिए राजद के साथ जो डील हुई है, उसके बारे में कार्यकर्ताओं को बताएं।

हालांकि, अब वे इस मान्यता को चुनौती दे रहे हैं कि नीतीश ही जदयू हैं। उपेंद्र ने कह दिया कि जदयू नीतीश कुमार की नहीं, शरद यादव की पार्टी थी। वरिष्ठ समाजवादी नेता जार्ज फर्नांडिस ने आशीर्वाद स्वरूप नीतीश को समता की कमान सौंपी थी, जो 2003 में जदयू में विलीन हो गई। अब यह किसी व्यक्ति की नहीं, लाखों-करोड़ों लोगों की पार्टी है, जिसमें उनका (उपेंद्र) भी हिस्सा है।

उपेंद्र की छवि नरम बोलने वाले नेताओं की है। हालांकि, वर्तमान प्रकरण में वे धीरे-धीरे आक्रामक हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझ पर दल बदलने का आरोप लगा रहे हैं। सहुलियत के लिए गठबंधन बदलने के बारे में भी विचार करें। यह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति उपेंद्र की पहली तीखी टिप्पणी है। 2017 में भाजपा में शामिल होने के समय राजद ने नीतीश कुमार को पलटू कहा था।

उपेंद्र यह भी याद दिला रहे कि सहयोगी दल आपके (नीतीश कुमार) बारे में क्या बोलते थे। कुशवाहा ने कहा कि वह नीतीश कुमार का बहुत सम्मान करते हैं। हालांकि, बार-बार यह सुन कर अच्छा नहीं लगता है कि मैं नीतीश कुमार की पार्टी में आता-जाता रहा हूं। मैं उनके आग्रह पर ही दो बार जदयू में शामिल हुआ। यह मेरी भी पार्टी है।

जदयू के नेता, विधायक और मंत्री एक दूसरे की आलोचना कर पार्टी में बने रहते हैं। मगर, नीतीश कुमार की सीधी आलोचना कर कोई पार्टी में रह गया हो, यह उदाहरण नहीं मिलता है। जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आरसीपी सिंह का ताजा उदाहरण हैं। उन्होंने जिस दिन नीतीश को सीधी चुनौती दी, जदयू के प्रदेश कार्यालय से पार्टी कार्यकर्ताओं को संदेश चला गया कि आरसीपी के कार्यक्रम में उन्हें शामिल नहीं होना है। उसके कुछ दिन बाद उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्याग पत्र दे दिया।

पैटर्न आरसीपी वाला ही चल रहा है। उपेंद्र ने 19-20 फरवरी को कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई है। इसमें पार्टी को मजबूत करने के उपायों की चर्चा होगी। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कार्यकर्ताओं को उपेंद्र की बैठक में शामिल होने से मना किया है।

## स्पीकर की सलाह, नेता प्रतिपक्ष का चुनाव करे भाजपा

**झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी को नेता प्रतिपक्ष का चयन करने की सलाह दी है। उल्लेखनीय है कि 27 फरवरी से विधानसभा का बजट सत्र शुरू हो रहा है। बीते तीन सालों से विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद खाली है।**



**रांची (एजेंसी)** झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने नेता प्रतिपक्ष से संबंधित सवाल पर बुधवार को कहा कि उनकी भी इच्छा है कि नेता प्रतिपक्ष का चयन हो। उन्होंने कहा कि सदन में इसकी आवश्यकता महसूस होती है।

उन्होंने यह भी कहा कि उनका इशारा भाजपा की तरफ नहीं है लेकिन भाजपा संख्या बल के लिहाज से विधानसभा में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है। नेता प्रतिपक्ष पद पर भाजपा का हक बनता है। बाबूलाल मरांडी को भाजपा ने नेता चुना था लेकिन इस क्रम में कई विसंगतियां सामने आई।

स्पीकर न्यायाधिकरण में उस मामले का निस्तारण हो गया है लेकिन निस्तारण होने के क्रम में ही वे कोर्ट में चले गए। न्यायाधिकरण पर उनका भरोसा नहीं है। वे न्यायाधिकरण के विरुद्ध उच्च न्यायालय में गए हैं। उच्च न्यायालय का निर्णय आने के पहले अगर न्यायाधिकरण निर्णय ले लेता तो वे सवाल उठाते। वे यह कहते कि उच्च न्यायालय के निर्णय की प्रतीक्षा भी स्पीकर ने नहीं की। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि हर वित्तीय वर्ष के शुरू में, जब केंद्र का बजट हो जाता है तो सभी प्रांतों में सत्र आहूत किया जाता है। उन्हें उम्मीद है कि सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा।

बाबूलाल मरांडी को भाजपा ने विधिवत विधायक दल का नेता चुना। इससे पहले उन्होंने अपनी पार्टी झारखंड विकास मोर्चा (लोकतांत्रिक) का विलय भाजपा में किया था। विलय को चुनाव आयोग ने मंजूरी दे दी थी लेकिन विधानसभा सचिवालय में इससे संबंधित शिकायत आने के बाद यह मामला तकनीकी पेंच में फंस गया।

बाबूलाल मरांडी के खिलाफ विधायक प्रदीप यादव और तत्कालीन विधायक बंधु तिर्की समेत पूर्व राजकुमार यादव, दीपिका पांडेय सिंह आदि ने शिकायत की है। उनपर दल-बदल कानून तहत कार्रवाई करने की मांग स्पीकर न्यायाधिकरण से की गई।

बाबूलाल मरांडी ने 2019 में विधानसभा का चुनाव झारखंड विकास मोर्चा (झाविमो) के टिकट पर लड़ा था। निर्वाचित होने के बाद उन्होंने दल का विलय कर दिया। इससे पूर्व उन्होंने झाविमो के टिकट पर चुनकर आए प्रदीप यादव और बंधु तिर्की को दल से निष्कासित कर दिया था। फिलहाल बाबूलाल मरांडी और प्रदीप यादव विधानसभा निर्दलीय विधायक के तौर पर मान्य हैं। प्रदीप यादव के खिलाफ भी स्पीकर न्यायाधिकरण में सुनवाई चल रही है।


## रोटी नहीं मिली तो पत्नी को पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट

**भोपाल (एजेंसी)**

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में बीते दिन संदिग्ध परिस्थितियों में हुई महिला की मौत के मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने आटा खत्म होने पर पत्नी को पीट-पीटकर मार डाला था, लेकिन उसने पुलिस को गुमराह करने के लिए उसकी मौत की वजह करंट को बताया था।

बता दें कि ईंटखेड़ी थाना इलाके में एक माह पहले एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने तेजी से जांच की। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला कि उसकी मौत डंडे से की गई मारपीट की वजह से हुई थी। हालांकि, पति ने उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराते समय करंट लगने की बात कही थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मिले साक्ष?यों के आधार पर पुलिस ने हत्या के आरोप में पति को गिरफ्तार कर लिया है।

ईंटखेड़ी थाना पुलिस के मुताबिक, 34 वर्षीय रुकमणि अपने पति लक्ष्मीनारायण और चार बच्चों के साथ अंजनी धाम पहाड़ी स्थित ग्राम बीनापुर में रहती थी। जानकारी




के अनुसार, मृतक महिला का पति लक्ष्मण मजदूरी करता है। 29 दिसंबर की रात को लक्ष्मण अपनी पत्नी को बेसुध हालत में लेकर हमीदिया अस्पताल पहुंचा था। वहां उसने डाक्टर को बताया था कि पत्नी को करंट लग गया है। हालांकि, इस दौरान महिला ने अस्पताल में ही दम तोड़ दिया।

## तीसरे दिन भी नहीं लगा बीआरओ के श्रमिक का पता, हिमपात बर्फ के कारण बीच में रोकना पड़ा सर्च ऑपरेशन

**केलंग (एजेंसी)**

शिंकुला मार्ग पर छिका में हिमस्खलन की चपेट में आए सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के तीसरे श्रमिक का तीसरे दिन भी कुछ पता नहीं चल पाया। पुलिस, आइटीबीपी, बीआरओ व रेस्क्यू टीम ने संयुक्त रूप से सर्च अभियान चलाया, लेकिन कड़ाके की ठंड की वजह से अभियान बीच में ही रोकना पड़ गया। सोमवार को हिमपात से सर्च अभियान प्रभावित हुआ था। मंगलवार को मौसम साफ होते ही रेस्क्यू टीम घटनास्थल की ओर रवाना हुई। दोपहर बाद टीम छिका पहुंची और सर्च अभियान में जुट गई। बीआरओ योजक परियोजना के चीफ इंजीनियर जितेंद्र प्रसाद ने बताया कि श्रमिक की तलाश जारी है।

सर्च अभियान में मौसम बाधा बना है, लेकिन श्रमिक को तलाशने की लाहुल स्पीति प्रशासन के सहयोग से आइटीबीपी, पुलिस व रेस्क्यू टीम की मदद से यथा संभव कोशिश की जा रही है। आइटीबीपी के प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेश यरकी ने बताया कि क्षेत्र का तापमान बहुत कम है।

ऐसे में सर्च अभियान रोकने में बाध्य होना पड़ा है। सभी टीमें केलंग लौट आई हैं। शिंकुला मार्ग पर हिमस्खलन की चपेट में आए बीआरओ के श्रमिक की तलाश में रेस्क्यू टीम के सदस्य जुटे हुए है।

तीन दिन बाद अटल टनल रोहतांग मंगलवार को पर्यटकों के लिए फिर बहाल हो गई। पर्यटकों को लाहुल घाटी जाने के लिए अभी इंतजार करना होगा। हालांकि लाहुल घाटी में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने सड़क बहाल कर दी है। फोर बाय फोर वाहनों में आवाजाही हो रही है, लेकिन सिस्सू घाटी में देव आदेश के चलते पर्यटन गतिविधियां प्रतिबंद्धित हैं। 28 फरवरी के बाद ही पर्यटक लाहुल में चहलकदमी कर पाएंगे। पर्यटक अटल टनल के नार्थ पोर्टल तक जा सकते हैं।


T T LIMITED

(CIN NO.-L18101DL1978PLC009241)

Regd. Office: 879, Master Prithvi Nath Marg, Karol Bagh, New Delhi - 110005

Website: www.ttlimited.co.in; Email: newdelhi@ttlimited.co.in ; TEL: +91-11-45060708

HiFlyers Garments

EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS

FOR THE QUARTER AND NINE MONTH ENDED 31ST DECEMBER, 2022

(Rs. in Lakhs)

| S. NO. | PARTICULARS | QUARTER ENDED | | | NINE MONTH ENDED | | YEAR ENDED |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2022 UNAUDITED | 30.09.2022 UNAUDITED | 31.12.2021 UNAUDITED | 31.12.2022 UNAUDITED | 31.12.2021 UNAUDITED | 31.03.2022 AUDITED |
| 1 | Total Income from Operations (Net) | 4,815.27 | 4,056.33 | 11,943.96 | 14,473.40 | 32,068.76 | 39,554.16 |
| 2 | Profit / (Loss) before Exceptional and tax | 143.56 | -532.77 | 406.33 | -335.30 | 1,342.81 | 1,494.15 |
| 3 | Exceptional items | - | - | - | - | - | - |
| 4 | *Net Profit / (Loss) for the period before Tax | 143.56 | -532.77 | 406.33 | -335.30 | 1,342.81 | 1,494.15 |
| 5 | Net Profit / (Loss) for the period after Tax | 82.55 | -1,098.41 | 406.33 | -951.72 | 1,342.81 | 1,453.03 |
| 6 | Total Comprehensive Income for the period [(Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 44.82 | -1,116.66 | 413.23 | -1,004.34 | 1,349.96 | 1,375.67 |
| 7 | Equity Share Capital | 2,149.81 | 2,149.81 | 2,149.81 | 2,149.81 | 2,149.81 | 2149.81 |
| 8 | Other equity (Reserves) | - | - | - | - | - | 5824.66 |
| 9 | Earnings Per Equity Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations)- Basic (Rs.) Diluted (Rs.) | 0.38 0.38 | -5.11 -5.11 | 1.89 1.89 | -4.43 -4.43 | 6.25 6.25 | 6.76 6.76 |

Notes:

1 The above is an extract of the detailed format of standalone Unaudited Financial Results for the quarter and nine months ended Dec 31, 2022 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the aforesaid quaterly and Nine months Financial Results are available on the website of BSE **(www.bseindia.com)**, NSE **(www.nseindia.com)** and on the Company's website: **www.ttlimited.co.in**

2 These Unaudited Financial results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meetings held on Feb 08, 2023.

PLACE: NEW DELHI
DATE: FEBURARY 08, 2023

FOR T T LIMITED
Sd/-
RIKHAB C. JAIN
CHAIRMAN